DAINIK JAGRAN **SUNDAY, 17 APRIL, 2011**

सेमिनार में विजेता शोधकर्ता पुरस्कृत

साहिबाबाद, जासंकें : आई.टी.एस. कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। सेमिनार के प्रथम दिन जहां दर्जनों शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, वहीं दूसरे दिन वस्तु और सेवा के अनुभव व उपयोगिता पर जोर दिया गया। इसके अलावा प्रथम दिन प्रस्तुत हुए शोध पत्रों में विजेता शोधकर्ताओं को पुरस्कार व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

मोहन नगर स्थित आई.टी.एस कालेज में आयोजित सेमिनार के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य अतिथि एल.के.गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य की अपनी एक लम्बी यात्रा होती है, जहां वस्तु क्रय से लेकर उसके वास्तविक उपभोग तक चलती है। सेमिनार के अंतर्गत विपणन विषय पर दो तकनीकी क्षेत्र व एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

शोध प्रस्तुति में संस्था के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने विशेष शोध पत्र प्रस्तुत कर्ताओं को उपहार व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। शिक्षक वर्ग में प्रथम स्थान प्रो.स्वाती सिंह व मंजू लॉबा ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान मानसी व ज्योति ने प्राप्त किया। वहीं विद्यार्थी वर्ग में वरुण व रोहताश कम्बोज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के महानिदेशक डा.ए.के.पुरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

मोहन नगर स्थित आईटीएस कालेज में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत करते शोधकर्ता। जागरण

EVENT: MARKETING SEMINAR
DATE: 15th & 16th APRIL 2011
VENUE: I.T.S- GHAZIABAD